भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण

<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

सी ए, श्री राजेश भंडारी, कार्यपालक निदेशक (वित्त), भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण को सर्वश्रेष्ठ सी ए- सी एफ ओ अवार्ड ।

नई दिल्ली, 2 फरवरी, 2017 भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान (आई सी ए आई) प्रति वर्ष वार्षिक सम्मान समारोह का आयोजन करता है जिसमें उन चार्टरित लेखाकारों को सम्मानित किया जाता है जिन्होंने अपने व्यावसायिक जीवन में उल्लेखनीय प्रगति की है तथा अन्य सदस्यों के लिए आदर्श उपस्थित करते हैं । हाल ही में चेन्नई में सम्पन्न 10 वें वार्षिक आई सी ए आई अवार्ड 2016 में श्री राजेश भंडारी, कार्यपालक निदेशक (वित्त) भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण को सेवा क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ सी ए -सी एफ ओ अवार्ड दिया गया । यह सम्मान संगठन के मूल्य संवर्द्धन में चार्टरित लेखाकार के रूप में उनकी उल्लेखनीय भूमिका के लिए दिया गया।

सम्मान समारोह 20 जनवरी, 2017 को चेन्नई के कामराजर आरंगम में आयोजित किया गया । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री के. पडियाराजन, माननीय स्कूली शिक्षा, खेलकूद व युवा कल्याण मंत्री तमिलनाडु सरकार थे जिन्होंने श्री राजेश भंडारी, कार्यपालक निदेशक (वित्त) भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण को श्री देवराज रेड्डी प्रेसीडेंट, आई सी ए आई तथा श्री जी.सीकर, चेयरमेन आई सी ए आई की उपस्थिति में अवार्ड प्रदान किया ।

यह अवार्ड श्री राजेश भंडारी की एक और उपलब्धि है जिन्हें हाल ही में सिंगापुर में वर्ल्ड एच आर डी कांग्रेस /सी एम ओ एशिया द्वारा एशिया सी एफ ओ एक्सीलेंस अवार्ड 2016 भी दिया गया था ।

जनसम्पर्क विभाग द्वारा जारी

विस्तृत जानकारी के लिए संपर्क करें

म.प्र. (जनसंपर्क) 011-24622787,9811521881,

सं. 65/2016-17

चित्र : श्री

राजेश भंडारी, कार्यपालक निदेशक (वित्त) भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण श्री के. पंडियाराजन, माननीय स्कूली शिक्षा, खेलकूद तथा युवा कल्याण मंत्री तमिलनाडु सरकार से अवार्ड लेते हुए । साथ में उपस्थित है श्री देवराज रेड्डी, अध्यक्ष, आई सी ए आई तथा श्री जी. सीकर, चेयरमेन, आई सी ए आई । यह अवार्ड कामराजर आरंगम चेन्नई में आयोजित एक समारोह में दिया गया